दिनांक 14.06.2021 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

नाली से अतिक्रमण हटाकर की गई सफाई, नाली सफाई में अवैध निर्माण बन रही थी बाधक

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नेहरूनगर जोन 01 की टीम ने वार्ड 05 लक्ष्मीनगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। दुकानदारों द्वारा नाली पर कांक्रीट से बनाई गई रैम्प , चबूतरे आदि को राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों की टीम ने जेसीबी के माध्यम से मार्केट के दोनो किनारों को लक्ष्मीनगर पुलिया तक तोड़कर कब्जा खाली कराया, जिससे बारिश का पानी बिना कोई अवरोध के गंतव्य की ओर प्रवाहित हो सके। निगम प्रशासन की चेतावनी के बाद भी नाली पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटा रहे थे, लोगों ने नाली में मलबा डालकर स्लेब व सीढ़ी आदि बना लिये थे, इसके कारण सफाई कर्मचारियों को नाली साफ करने का‍ॅफी परेशानी का सामना करना पड़ता था तथा नाली जाम होने से बारिश का पानी सड़को पर बहता है। वार्ड 05 लक्ष्मीनगर में लक्ष्मी मार्केट तथा आस पास एरिया में नाली के उपर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करते हुए चबूतरा , सीढ़ी तथा नाली के उपर कांक्रीट डालकर व्यवसाय कर रहे थे , जिसके कारण सफाई कर्मचारियों को नाली साफ करने में का‍ॅफी परेशानी होती थी , तथा नाली जाम होने के वजह से बारिश के दौरान नाली का पानी सड़कों पर बहने लगता है। नाली पर अतिक्रमण होने की वजह से नाली सफाई नहीं हो पा रही थी, कई स्थानों पर से निकासी बंद हो गया था, इससे सड़क पर गंदगी फैलने लगी थी जिससे मार्केट में दुर्गंध फैलता रहा था, इससे बाजार में आने वाले नागरिकों को आने जाने वालों को परेशानी होती थी , समयस्या को गंभीरता से लेते हुये निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मार्निंग विजिट के दौरान लक्ष्मी मार्केट पहुंचकर नाली सफाई का जायजा लिये और नाली सफाई नहीं होने पर अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने आस पास लोगों सफाई आदि कार्य का फीडबैक भी लिया था, वहां उन्हें नाली सफाई में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाकर नाली सफाई कराने के निर्देश जोन 01 के आयुक्त सुनील अग्रहरि को दिए। जोन आयुक्त के निर्देश पर टीम ने जेसीबी के माध्यम से करीब 500 मीटर तक विभिन्न स्थानों से अधिक अतिक्रमण को हटाकर नालियों की सफाई कराई। इसी बीच एक व्यक्ति द्वारा निर्माण सामाग्री को सड़क पर डंप किया था, जिससे निगम की टीम ने सड़क बाधा शुल्क के रूप में 2000 हजार अर्थदण्ड वसूल किया गया। वार्ड 05 लक्ष्मीनगर मार्केट में नाली के दोनो ओर दुकानदारों द्वारा नाली पर स्लेब , फर्श तथा कांक्रीट डालकर अतिक्रमण कर लिये थे , अतिक्रमण कर बनाए गए चबूतरे पर व्यवसाय करते है, इससे सफाई कर्मचारी को नाली साफ करने में का‍ॅफी परेशानी होती है , नाली ठीक से साफ नहीं होने की वजह से नाली जाम हो जाता है , और नाली का पानी सड़कों पर बहता है , लक्ष्मी मार्केट

में बड़ी संख्या में शहर के नागरिक सब्जी खरीदने आते है जिन्हें गंदगी का सामना करना पड़ता था , नाली साफ नहीं होने से दुर्गंध भी फैलने लगी थी। नाली से अतिक्रमण हटाते हुए निगम की टीम ने लक्ष्मीनगर पुलिया तक कब्जा मुक्त कराया। तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, प्रकाश गुप्ता, कमलेश द्विवेदी सहित तोड़फोड़ का अमला उपस्थित थे।